रजिस्ट्रेशन S 37987/2000 नई दिल्ली

अखिल भारतीय विश्वकर्मा विराट संघ (पंजी)

कार्यालय-ए-2/20, कोठी पश्चिम विहार, नई दिल्ली-110063 फोन 09711111507, 08383051835
E-mail yashpal_panchal @yahoo.co.in, yashpalpanchal1953@gmail.com, abvvsangh2000@gmail.com

यशपाल पांचाल	गणपतभाई ए पांचाल	वेदपाल पांचाल	मधुसूदन विश्वकर्मा
राष्ट्रीय अध्यक्ष	राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष	राष्ट्रीय वरिष्ठ महामंत्री	राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष
9711111507	9376183160	9311501100	9718796300

पत्रांक संख्या ABVVS/27/2025 दिनांक 22/04/2025

सेवा में,
जिलाधीश महोदय
जिला आगर मालवा
मध्यप्रदेश

विषय ;- पीड़ित श्री राधेश्याम विश्वकर्मा, मध्यप्रदेश विश्वकर्मा कल्याण बोर्ड के सदस्य के साथ हुई गंभीर मारपीट के विषय में । (through mail)

महोदय,

मध्यप्रदेश विश्वकर्मा कल्याण बोर्ड के सदस्य एवं गों सेवा उत्थान समिति के प्रदेश अध्यक्ष श्री राधेश्याम विश्वकर्मा पुत्र बापुलाल विश्वकर्मा निवासी ग्राम पाचारुंडी, थाना कोतवाली आगर मध्यप्रदेश के साथ दिनांक 17/04/2025 को रात ,9.00 बजे स्थानीय लोगो के द्वारा लाठी डंडों व धारदार हथियार से मारपीट की गई जिससे राधे श्याम विश्वकर्मा गंभीर रूप से घायल हुए और उसे मरणासन्न अवस्था में खेतों में फेंक दिया। मारपीट करने वाले लोग उसके पास से नगदी व अन्य कीमती सामान व उसका मोबाईल भी छीन कर ले गए । राधेश्याम विश्वकर्मा की हालत नाजुक है एवं संजीवनी अस्पताल उज्जैन में आईसीयू वार्ड मे भर्ती है । इस मामले में थाना कोतवाली आगर, जिला आगर मालवा मध्यप्रदेश में भिन्न भिन्न धाराओं में दिनांक 18/04/2025 को FIR NO 0175 दर्ज की गई है । झगड़े का विवरण व आरोपियों के नाम FIR NO 0175 में दर्ज हैं । दबंगों द्वारा राधेश्याम विश्वकर्मा के साथ की गई घटना से विश्वकर्मा समाज में भारी रोष है ।

घटना में दबंगों की सहभागिता है और वे डरा धमकाकर या दूसरे तरीकों से जरूर इस मामले को दबाने का प्रयास करेंगे। आप समझ सकते हैं जब एक बोर्ड सदस्य के साथ ऐसी घटना हो सकती है तो साधारण नागरिक के साथ क्या हो सकता है ? महोदय आपसे निवेदन है कि घटना की गंभीरता को देखते हुए निष्पक्ष जांच कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही के निर्देश जारी किए जाएं, पीड़ित के इलाज का खर्चा व सहायता राशि दी जाए तथा उससे छीनी गई नगदी व कीमती सामान भी उसे वापिस दिलाया जाए ।

सधन्यवाद ।

यशपाल पांचाल

(यशपाल पांचाल)
राष्ट्रीय अध्यक्ष

प्रतिलिपि:- पुलिस अधीक्षक जिला आगर मालवा मध्यप्रदेश, आवश्यक कार्यवाही हेतु ।